# सलमान खान निभाएंगे वीर सेनानी 'जीवा महाला' का अहम किरदार!

**बॉलीवुड** स्टार सलमान खान फिल्म राजा शिवाजी में वीर सेनानी 'जीवा महाला' का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं. बॉलीवुड में चर्चा है कि सलमान खान ,रितेश देशमुख की ऐतिहासिक फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाने जा रहे हैं. सलमान इस फिल्म में जीवा महाला का रोल करेंगे, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंद और बहादुर योद्धाओं में से एक थे. रिपोर्ट्स के अनुसार सलमान अपना सीन सात नवंबर को शूट करेंगे, और बताया जा रहा है कि यह सीन फिल्म के सबसे यादगार पलों में से एक होगा.

जब भी सलमान खान बड़े पर्दे पर आते हैं, वो एक अलग ही जादू बिखेर देते हैं. अब वो रितेश देशमुख की आने वाली फिल्म राजा शिवाजी में अपने दमदार रोल के साथ वही करिश्मा दिखाने वाले हैं. सलमान खान इससे पहले रितेश देशमुख की फिल्म लई भारी में कैमियो रोल कर चुके हैं और फिल्म वेद के गाने वेद लवले में भी नजर आए थे. जीवा महाला ने अफजल खान के भरोसेमंद सैनिक सय्यद बांदा के जबरदस्त हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज की रक्षा करने में अहम भूमिका निभाई थी. ये साहस का पल फिल्म का बड़ा आकर्षण बनने वाला है. सलमान खान जहां जीवा का किरदार निभा रहे हैं, वहीं संजय दत्त अफजल खान की भूमिका में नजर आएंगे. दर्शक इस भव्य और भावनाओं से भरे सीन के ज़रिए वीरता, वफादारी और इतिहास को फिर से जी पाएंगे.




इसके अलावा, सलमान खान की फिल्मों की लाइनअप भी जबरदस्त है, जिसमें उनकी आने वाली और काफी चर्चित वॉर ड्रामा फिल्म, बैटल ऑफ़ गालवान शामिल है, जिसने पहले लुक के सामने आने के बाद से ही इंटरनेट पर खूब चर्चा और दर्शकों में उत्सुकता पैदा कर दी है.

# रचना मिस्त्री ने बताई हिम्मत और संयम की कहानी

**जागृति** एक नई सुबह अपनी प्रेरणादायक और रोमांचक कहानी के चलते दर्शकों का दिल जीत रहा है. आने वाले एपिसोड्स में कहानी एक चौंकाने वाला मोड़ लेती है, जब जागृति (रचना मिस्त्री), जो एक निडर आईपीएस ऑफिसर है, जो अपने अधिकारों से महरूम चित्ता समुदाय से आती है, ऐसे कठिन हालात में फंस जाती है जहां उसे अपने ही देश की रक्षा के लिए अपनी मां गीता (तितिक्षा श्रीवास्तव) पर गोली चलानी पड़ती है.



यह वो पल है जो उसके सच्चे रूप को परिभाषित करता है– जहां वो अपने सबसे गहरे रिश्ते से ऊपर उठकर देश और न्याय के प्रति अपना फर्ज निभाने का फैसला करती है.जागृति का किरदार निभाना रचना मिस्त्री के लिए एक गहरा और सीख देने वाला अनुभव रहा. इसने उन्हें यह एहसास कराया कि असली ताकत शोर मचाने में नहीं, बल्कि शांत रहकर सही फैसले लेने में होती है.

इस किरदार ने उन्हें एक अधिकारी के जीवन के अनुशासन, सजगता और संयम को करीब से समझने का मौका दिया, जिससे वो इसे और सच्चाई के साथ निभा सकीं.चना मिस्त्री ने कहा, यह मेरे करियर का सबसे भावनात्मक और चुनौतीपूर्ण सीन था. जागृति के दर्द और उसके कर्तव्य को सच्चाई से दिखाने के लिए मैंने खुद को पूरी तरह उसकी यात्रा में डुबो दिया – उसके बचपन से लेकर आईपीएस बनने के सपने तक.

# शर्वरी बॉलीवुड की सबसे उभरती हुई स्टार

**शर्वरी** की लगातार बढ़ती फिल्म लाइन-अप उन्हें बनाती है बॉलीवुड की सबसे उभरती हुई स्टार अभिनत्री शर्वरी तेजी से सफलता की राह पर आगे बढ़ रही हैं और यह साबित कर रही हैं कि वह अपनी पीढ़ी की सबसे प्रभावशाली नई प्रतिभाओं में से एक हैं.

शर्वरी की आने वाली फिल्मों की सूची बेहद प्रभावशाली है, और इसी के साथ वह बॉलीवुड की सबसे आशाजनक युवा सितारों में शामिल हो चुकी हैं.उनकी फिल्म लाइन-अप में देश के प्रमुख फिल्मकारों के साथ काम करने का मौका शामिल है. शर्वरी जल्द ही आदित्य चोपड़ा की 'अल्फा', वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर में नज़र आएंगी, जो उनके दमदार और निडर अवतार को दर्शकों के सामने लाने का वादा करती है. इसके अलावा, वह सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म में भी मुख्य अभिनेत्री होंगी, जिसमें उनके साथ आयुष्मान खुराना हैं.

शर्वरी, इम्तियाज अली की आने वाली रोमांटिक फिल्म में भी नजर आएंगी, जिसमें वेदांग रैना और दिलजीत दोसांझ भी अहम भूमिकाओं में हैं. वह अली अब्बास ज़फर की वाईआरएफ के साथ अगली फिल्म की भी लीड एक्ट्रेस हैं, जिसमें उनकी जोड़ी सैयारा फेम अहान पांडे के साथ बनेगी—जो इस समय की सबसे रोमांचक नई ऑनस्क्रीन जोड़ियों में से एक मानी जा रही है. ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने कहा,मैं हमेशा से कहता आया हूं कि शर्वरी एक उभरती हुई स्टार हैं. यह तथ्य कि इतने बड़े निर्देशक उन्हें अपनी फिल्मों की लीड बना रहे हैं, यह साबित करता है कि उनकी ऑनस्क्रीन उपस्थिति कितनी प्रभावशाली है.



## सीरत कपूर निभाएंगी सावी का किरदार!



घरवाली पेड़वाली अपनी हंसी, सुपरनैचुरल मस्ती और दिल को छू लेने वाले फैमिली ड्रामा के अनोखे मिश्रण से दर्शकों का दिल जीतने को तैयार है. अब शो में एक नए कलाकार की एंट्री हो रही है. प्रतिभाशाली और जोशीली अभिनेत्री सीरत कपूर शो में सावी के किरदार में नजर आएंगी, जोकि आत्मविश्वास से भरपूर, जिंदादिल और नये जमाने की लड़की है. वह इस अनोखे लव ट्रायंगल में एक नया मोड़ लेकर आएगी.अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सीरत कपूर कहती हैं, घरवाली पेड़वाली% का हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूँ. यह कॉन्सेप्ट बहुत ताजगी भरा है और मैंने इससे पहले ऐसा कुछ नहीं किया है. जैसे ही मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और मॉक शूट किया, मुझे पता था कि यह खास होने वाला है. सावी एक जीवंत और डायनेमिक किरदार है, जो बेहद आधुनिक होते हुए भी अपने मूल्यों में विश्वास रखती है. इस किरदार की सबसे अच्छी बात मुझे यह लगती है कि वह पूरी तरह आधुनिक लड़की होते हुए भी एक बड़े और प्यार भरे संयुक्त परिवार का हिस्सा बनने का सपना देखती है. शो के कॉन्सेप्ट के बारे में बात करते हुए सीरत ने आगे कहा, घरवाली पेड़वाली इसलिए खास है क्योंकि यह सुपरनैचुरल कॉमेडी को एक नए अंदाज में पेश करता है.

## दिल्ली क्राईम सीज़न 3 का सनसनीखेज ट्रेलर जारी किया




नेटफिलक्स ने दिल्ली क्राईम सीज़न 3 का ट्रेलर जारी कर दिया है. यह अभी तक का सबसे रोमांचक अध्याय है, जो दर्शकों को मानव तस्करी की सनसनीखेज अपराधिक दुनिया में ले जा रहा है, जिसमें लोगों को वस्तुओं की तरह यहाँ से वहाँ ले जाया जाता है, उनकी पहचान मिटा दी जाती है, तथा अवसरों के भेष में उनका कारोबार होता है. फाईलों के ढेर में एक भयावह पैटर्न छिपा है. नौकरी के लालच में लड़कियाँ गायब कर दी जाती हैं. उनकी जबरदस्ती शादी कराई जाती है, बच्चे पैदा कराए जाते हैं और उनके साथ गुलामों की तरह व्यवहार किया जाता है. वो पूरे देश में फैले धोखाधड़ी के जाल में फँसकर गायब हो रही हैं. इस उथल-पुथल के बीच खड़ी हैं, डीआईजी वर्तिका चतुर्वेदी (शैफाली शाह). हमारी दृढ़निश्चित मैडम सर, गायब होती लड़कियों और डर, मुनाफे एवं खामोशी से चल रहे सिस्टम के बीच कड़ियाँ जोड़ना शुरू करती हैं. जैसे-जैसे उनकी जाँच आगे बढ़ती है, अलग-अलग शहरों में मिले सारे सुराग एक ही नाम, बड़ी दीदी (ह्यूमा कुरैशी) की ओर इशारा करते हैं. वह एक क्रूर और अदृश्य रहने वाली महिला है, जो हमेशा एक कदम आगे रहती है. वह इस अपराधिक साम्राज्य की सूत्रधार है, जिसका खात्मा करने का निर्णय वर्तिका और उसकी टीम कर चुके हैं.

# फिल्म पेड्डी से 'चिकिरी' का टीजर रिलीज

**दक्षिण** भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार राम चरण की आने वाली फिल्म पेड्डी से 'चिकिरी' का टीजर रिलीज हो गया है.

फिल्म पेड्डी के मेकर्स ने रिलीज़ से पहले ही दर्शकों के दिल जीत लिए हैं. हाल ही में रिलीज़ हुए एक इंटरएक्टिव वीडियो में म्यूज़िक के उस्ताद ए.आर. रहमान और निर्देशक बुची बाबू साना अपने आने वाले गाने चिकिरी पर दिल छू लेने वाली बातचीत करते नजर आए. यह गाना सात नवंबर को रिलीज़ होगा और सोशल मीडिया पर पहले से ही जबरदस्त चर्चा में है. इसकी झलक में राम चरण जोश से भरे अंदाज़ में चिकिरी चिकिरी गाते और देसी रिदम पर थिरकते दिख रहे हैं.



वीडियो में हमेशा अपनी धुनों की जड़ों को समझने के लिए उत्सुक रहने वाले ए.आर. रहमान मुस्कुराते हुए पूछते हैं, चिकिरी चिकिरी? इसका मतलब क्या है? इस पर बुची बाबू मुस्कुराकर समझाते हैं, उनके गांव में लड़कियों को प्यार से बुलाने के लिए 'चिकिरी' कहते हैं. उसी पल से गाना शुरू होता है. चिकिरी एक प्यारा शब्द है. मैं इसके लिए एक हुक दूं? ठीक है सर? चिकिरी चिकिरी, कैसा है? रहमान का तुरंत रिएक्शन उनकी शानदार क्रिएटिव समझ को दिखाता है सुपर्ब सर! बहुत बढ़िया, करिए ये. और बस, इसी तरह एक लोकल प्यार से भरा शब्द चिकिरी एक कैची और यूनिवर्सल धुन में बदल जाता है.

चिकिरी सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि एक एहसास है, जो प्यार की शरारती भावना और देसी बोलचाल की खूबसूरती का जश्न मनाता है. रहमान की धुन, बुची बाबू की कहानी और राम चरण के जोश से भरे परफॉर्मेंस के साथ, चिकिरी दिल और विरासत को जोड़ने वाला एक म्यूजिकल मोमेंट बनने जा रहा है.

## रशिमका ने फ्लांट की सगाई की अंगूठी

**रशिमका** मंदाना इस वक्त जहां अपनी सगाई को लेकर चर्चा में हैं वहीं वो अपनी नई फिल्म गर्लफ्रेंड को लेकर भी सुर्खियों में हैं. रशिमका हाल ही में एक्टर जगपति बाबू के टॉक शो जयम्मु निश्चयमु रा पर पहुंचीं. इस शो के अपकमिंग एपिसोड में रशिमका अपनी नई फिल्म गर्लफ्रेंड का प्रमोशन करती दिखेंगी. इसी शो के दौरान रशिमका अपनी सगाई की अंगूठी भी दिखाती नजर आईं.

इस शो के अपकमिंग एपिसोड के एक प्रोमो में रशिमका को विजय का नाम लेकर उन्हें चिढ़ाया जा रहा है. वह अपनी अंगूठियां भी दिखाती नजर आ रही हैं, जिनमें से एक कथित तौर पर उनकी सगाई की अंगूठी है.इस प्रोमो में जगपति रशिमका से पूछते हुए दिखाई दे रहे हैं, विजय देवरकोंडा से दोस्ती, विजय सेतुपति की फैन और थलपति विजय की ऑलटाइम फैन? तो ऐसा लगता है कि आप विजयम (सफलता) और विजय की मालिक हैं. एक्ट्रेस उनकी बातें सुनकर मुस्कुराती दिखीं.



## अपनी नातिन के लिए गुडलक विश कर रहे नाना अमिताभ

**बॉलीवुड** अभिनेता अमिताभ बचन ने अपने नाती अगस्त्य नंदा को उनकी आगामी फिल्म इक्कीस की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं. श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म के निर्माता दिनेश विजान और उनका बैनर मैडॉक फिल्म्स हैं. अमिताभ ने मंगलवार को अगस्त्य के लिए एक नोट के साथ 'एक्स' पर फिल्म का ट्रेलर साझा किया.



उन्होंने लिखा, अगस्त्य...मुझे तुम पर बहुत गर्व है. 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली फिल्म के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं. मरणोपरांत सबसे कम उम्र में परमवीर चक्र पुरस्कार से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की अनकही सची कहानी के गवाह.



# धड़ल्ले से होगी वॉइस मैसेज और चैटिंग

**व्हाट्सएप** ने एपल वॉच यूजर्स के लिए एक बड़ा अपडेट जारी कर दिया है. अब आप अपने Apple Watch पर सिर्फ नोटिफिकेशन ही नहीं, बल्कि पूरा चैट, इमेज, स्टिकर्स और यहां तक कि वॉइस मैसेज भी भेज सकेंगे. व्हाट्सएप का नया 'कंपेनियन ऐप' अब Apple Watch Series 4 और उससे ऊपर के मॉडल्स पर उपलब्ध है, जिसे watchOS 10 या इससे ऊपर पर चलाया जा सकता है.



नए व्हाट्सएप ऐप की मदद से Apple Watch यूजर्स अब बिना फोन उठाए चैट देख सकते हैं. पहले सिर्फ नोटिफिकेशन आते थे, लेकिन अब पूरा मैसेज, इमेज और स्टिकर्स भी वॉच पर दिखेंगे. इतना ही नहीं, आप रिएक्शन भी भेज सकते हैं और कुछ पुराने मैसेज भी देख सकते हैं. आपके वॉच पर आने वाली व्हाट्सएप कॉल नोटिफिकेशन भी अब अलग से दिखेंगी.

**वॉच से भेज सकेंगे वॉइस मैसेज, सिर्फ नोटिफिकेशन नहीं-** व्हाट्सएप ने पहली बार Apple Watch पर वॉइस नोट रिकॉर्ड करने और भेजने की सुविधा दी है. पहले यह फीचर सिर्फ फोन पर उपलब्ध था. अब Apple Watch पर सिरे से वॉइस मैसेज रिकॉर्ड करके भेजा जा सकता है, जिससे चलते-फिरते भी बातचीत आसान होगी. ये सभी मैसेज एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होंगे, यानी आपकी प्राइवेसी पूरी तरह सुरक्षित रहेगी.

यह ऐप Apple Watch Series 4 या उससे नए मॉडल पर सपोर्ट करता है और watchOS 10 या उसके बाद के वर्जन की जरूरत होती है. इसे iPhone के Watch ऐप से डाउनलोड किया जा सकता है.

# अंतरिक्ष में जल्द दिखेगा सुपरमून का दिलचस्प नजारा

**खगोल** विज्ञानियों और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों को जल्द ही बेहद शानदार नजारे का दीदार होने वाला है. 5 नवम्बर बुधवार को आसमान में चांद थोड़ा और बड़ा और चमकीला दिखाई देगा. ऐसा सुपरमून की वजह से हो रहा है. सुपरमून तब होता है जब पूर्णिमा का चांद अपनी कक्षा में पृथ्वी के सबसे ज्यादा नजदीक होता है. अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा का कहना है कि इस वजह से चांद साल के सबसे धुंधले चांद की तुलना में 30% ज्यादा चमकीला और 14% बड़ा दिखाई देता है.

दरअसल, चंद्रमा पृथ्वी चक्कर लगाता है लेकिन यह कक्षा पूर्ण वृत्ताकार नहीं है. इसलिए जैसे-जैसे यह परिक्रमा करता है, नजदीक और दूर होता जाता है. 5 नवम्बर को होने वाला सुपरमून इस साल के तीन सुपरमून में से दूसरा और सबसे नजदीकी है. इस दौरान चांद पृथ्वी से लगभग 357000 किलोमीटर की दूरी पर होगा. लोवेल ऑब्जर्वेटरी के खगोलशास्त्री लॉरेंस वासरमैन का कहना है कि सुपरमून के दौरान समुद्र में ज्वार थोड़ा ज्यादा हो सकता है, क्योंकि चांद पृथ्वी के ज्यादा नजदीक होगा. हालांकि, यह अंतर ज्यादा दिखाई नहीं देगा. अगर आसमान साफ हो तो सुपरमून देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होती.



अगर आसमान साफ हो तो सुपरमून देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होती. हालांकि, चंद्रमा के आकार में परिवर्तन को नंगी आंखों से देख पाना कठिन हो सकता है. खगोल विज्ञानियों का कहना है कि यह अंतर अन्य तस्वीरों या अवलोकनों की तुलना में सबसे साफ होता है. सुपरमून शब्द पहली बार 1979 में खगोलशास्त्री रिचर्ड नोले ने इस पूर्ण चंद्रमा के लिए इस्तेमाल किया था, जो साफ तौर पर बड़े और चमकीले दिखाई देते हैं. नवम्बर का बीवर मून इस साल पृथ्वी का सबसे निकटतम पूर्ण चंद्रमा होगा, इसलिए यह सबसे चमकीला होगा और सबसे बड़ा दिखाई देगा.




# लावा का नया फोन भारत में धूम मचाने के लिए तैयार

**लावा** अग्नि 4 नवंबर के अंत तक भारत में लॉन्च करने की तैयारी है और ये Agni 3 5G का अपग्रेड होगा. लॉन्च से पहले कंपनी फोन के डिजाइन और स्पेसिफिकेशन्स को टीज कर रही है. अब नोएडा-बेस्ड टेक कंपनी ने फिर से लावा अग्नि 4 को टीज किया है. लेकिन इस बार कंपनी ने बताया है कि ये स्मार्टफोन एल्युमिनियम फ्रेम के साथ आएगा, जबकि इसका पिछला मॉडल प्लास्टिक फ्रेम के साथ आता है. इसके अलावा फोन में डुअल रियर कैमरा सेटअप भी कन्फर्म किया गया है. Agni 4 में राइट साइड पर एक नया बटन भी दिखाया गया है, जो Apple के कैमरा कंट्रोल बटन जैसा हो सकता है.

लावा अग्नि 4 के संभावित स्पेसिफिकेशन्स- X (पहले Twitter) पर एक पोस्ट में इंडियन स्मार्टफोन मेकर ने बताया कि अपकमिंग लावा अग्नि 4 एल्युमिनियम फ्रेम के साथ आएगा. टेक कंपनी ने फोन का डिजाइन भी दिखाया है. इमेज में लावा अग्नि 4 के राइट साइड पर वॉल्यूम कंट्रोलर और लॉक/अनलॉक बटन दिख रहा है. इंटरेस्टिंग बात ये है कि फोन में एल्युमिनियम फ्रेम के बॉटम राइट साइड में एक नया बटन भी है, जो शायद कैप्चर बटन हो सकता है. ये बटन काफी हद तक Apple के कैमरा कंट्रोल बटन जैसा है.

वहीं, फोन का लेफ्ट साइड क्लीन दिखता है. लावा अग्नि 4 में डुअल रियर कैमरा यूनिट मिलेगा, जिसके साथ डुअल LED फ्लैश यूनिट होगा. इसके अलावा, कंपनी ने हाल ही में कन्फर्म किया है कि लावा अग्नि 4 में कर्व्ड AMOLED डिस्प्ले होगा.

हाल ही में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि लावा अग्नि 4 में MediaTek Dimensit 4 8350 चिपसेट मिलेगा, जो FS 4.0 स्टोरेज के साथ आएगा. इसमें 7,000mAh बैटरी भी मिल सकती है. कहा जा रहा है कि इसमें 6.78-inch फुल HD+ डिस्प्ले और 120 ll5 रिफ्रेश रेट होगा. फोन की भारत में कीमत लगभग 25,000 रुपये हो सकती है.

# दुनिया के लिए नया 'खजाना' बना यह क्रिटिकल मिनरल

**दुनियाभर** में इन दिनों दुर्लभ खनिजों पर कब्जा करने की होड़ मची हुई है. चीन जहां दुनिया के दुर्लभ खनिजों पर लगभग 'कब्जा' कर चुका है, वहीं अमेरिका, जापान और भारत जैसे देश उसे लगातार चुनौती दे रहे हैं. पूरी दुनिया में इन दिनों इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है जो लर्थियम आयन बैट्री से चलती हैं. इसके पीछे वजह है कि दुनिया अब स्वच्छ ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रही है. चीन लर्थियम को लेकर वश्विभर के देशों को आंख



दिखा रहा है. चीनी कंपनियों ने बैट्री की दुनिया में दबदबा कायम कर लिया है.

चीन की इस चुनौती के बीच वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्रेफाइट अब नया क्रिटिकल मिनरल बन गया है जो लर्थियम बैट्री उद्योग की रीढ़ है. वहीं ग्रेफाइट के भंडार की बात करें तो दुनिया का सबसे बड़ा ग्रेफाइट भंडार चीन के पास है लेकिन भारत की धरती भी इस खजाने से भरी हुई है.

ग्रेफाइट लर्थियम आयन बैट्री की रीढ़ है. यह अब नया क्रिटिकल मनिरल बन गया है. इसी वजह से यह स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ती दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज बन गया है. प्राकृतिक ग्रेफाइट की आपूर्ति दुनिया के कुछ ही जगहों पर केंद्रित है और इसका उत्पादन भी बढ़ाना मुश्किल है. इससे दुनिया में सप्लाई में दिक्कत आ रही है. इसी को देखते हुए दुनिया में कृत्रिम ग्रेफाइट का इस्तेमाल काफी ज्यादा होता है जो ज्यादा शुद्ध होता है और उसका प्रदर्शन भी अच्छा होता है. हालांकि इसे बनाने में काफी ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है जो जीवाश्म ईंधन से बनती है. यह पर्यावरण के लिए ठीक नहीं है.

## भारत में मौजूद है ग्रेफाइट का विशाल भंडार

ग्रेफाइट का भविष्य अब दो बदलावों पर टिका हुआ है. पहला- नवीकरणीय कार्बन स्रोतों से 'ग्रीन' उत्पादन और पुरानी बैटरियों से ग्रेफाइट को रीसायकल करना. ग्रेफाइट लिथियम आयन बैट्री में एनोड के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. एनोड बैट्री का वह हिस्सा होता है जो चार्जिंग और डिस्चार्जिंग के दौरान आयनों को स्टोर करता है. ग्रेफाइट स्वच्छ ऊर्जा की ओर दुनिया के बढ़ते कदम के लिए बहुत जरूरी है. वहीं प्राकृतिक ग्रेफाइट के भंडार की बात करें तो चीन जहां पहले नंबर पर है, वहीं भारत में भी इसका विशाल भंडार मिला है.